कृषि अनुसंधान उप केन्द्र

अकलेरा – 326033 जिला – झालावाड़ राजस्थान,
(कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

निविदा प्रपत्र

निविदा:– सोयाबीन फसल में हाथ द्वारा निराई – गुड़ाई कर फसल की कटाई तक पूर्णतया खरपतवार रहित रखने का कार्य करानें हेतु

निविदा प्रपत्र की राशि : 500/– रूपये
निविदा जमा करने की तिथि : 15.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 15.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे
कार्य पूर्ण करने का समय : 45 दिन
धरोहर राशि : 5400/– रूपये (लोटाने योग्य)
कार्य की अनुमानित लागत : 270000/– रूपये
कार्य विवरण

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित क्षैत्रफल	निविदा प्रदाता/निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दर रूपये प्रति है0 में
1.	सोयाबीन फसल में हाथ द्वारा द्वारा निराई गुड़ाई कर फसल की कटाई तक पूर्णतया खरपतवार रहित रखने का कार्य कराने हेतु	36 हेक्टेयर	रूपये.................................... प्रति है0 अक्षरे:–

हस्ताक्षर
प्रभारी अधिकारी

मैंने सभी शर्ते (संलग्न फार्म के साथ) ध्यानपूर्वक पढ़ ली है एवं मुझे मान्य है। मै आपके कार्यालय पर उपरोक्त कार्य करना चाहता हूँ।

हस्ताक्षर निविदादाता

निविदादाता का नाम : ....
पता : ....
मोबाइल नं. : ....

निविदा की शर्ते :–

1. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार कमेटी का होगा।
2. शर्तो में किसी भी प्रकार की कमी व बढ़ोतरी उपस्थित कमेटी द्वारा की जा सकती है।
3. प्रभारी अधिकारी द्वारा बताये गये कार्य व क्षैत्रफल को प्रतिदिन पूरा करना होगा।
4. फसल की हाथ द्वारा निराई गुड़ाई का कार्य करते समय धुम्रपान करना वर्जित है।
5. कार्यरत व्यक्ति के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना व मारपीट आदि की घटना की पूर्ण जिम्मेदारी निविदा प्रदाता की होगी।
6. फसल की हाथ द्वारा निराई गुड़ाई का कार्य फसल की अवस्थानुसार करवाया जावेगा।
7. लिफाफें में निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेज सलंग्न करे एवं लिफाफे पर प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, अकलेरा अंकित कर प्रस्तुत करें।
8. कार्य की आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए कार्य की समयावधि व क्षैत्रफल घटाया / बढ़ाया जा सकता है।
9. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र, न्यायालय अकलेरा होगा।
10. कार्य अधूरा छोड़ने या कार्य सन्तोषजनक नहीं करने पर निविदा निरस्त कर उसका हर्जाना निविदादाता से वसूला जावेगा एवं निविदा प्रदाता को किसी भी प्रकार का भुगतान देय नहीं होगा।
11. प्रथम न्यूनतम दर वाली पार्टी की धरोहर राशि, कार्य पूर्ण होने तक कार्यालय में जमा रहेगी। द्वितीय पार्टी की धरोहर राशि कार्य प्रारम्भ होने के 15 दिवस बाद तक कार्यालय में जमा रहेगी।
12. कार्य अवधि के दौरान फार्म परिसर में निविदा प्रदाता के व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार का नुकसान किया जाता है तो उसकी भरपाई निविदा प्रदाता से की जावेगी।
13. निविदा स्वीकृत होने पर लिखित कार्य आदेश प्राप्ति के 2 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ करना होगा।
14. कार्य दर देने से पूर्व समस्त शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें एवं दर प्रति हेक्टेयर में लिखकर निविदा प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर कर कार्यालय मे जमा करावे।
15. एक बार हाथ द्वारा निराई गुड़ाई का कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण किए जाने उपरान्त 75 प्रतिशत तक भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करने का विकल्प होगा।
16. धरोहर राशि में कोई ब्याज देय नहीं होगा।
17. सफल बोलीदाता को निविदा राशि का 5 प्रतिशत सेक्यूरिटी के रूप में जमा करवाना होगा (धरोहर राशि को समायोजित करते हुए) व 500 रूपये के गैर न्यायिक बॉड पर समझौता निष्पादित करना होगा।
18. कार्य समाप्ति के बाद बिल प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, अकलेरा को दो प्रति में प्रस्तुत करना होगा एवं नियमानुसार बिल की राशि से सेवाकर की कटौती की जावेंगी।
19. प्लेसमेंट एजेंसी को निविदा फार्म के साथ पंजीकरण पत्र की छायाप्रति साथ में लगानी होगी।
20. धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र की कुल एक मुश्त राशि प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, अकलेरा (Agriculture Research Sub Station Aklera (Jhalawar), झालावाड़ के भारतीय स्टेट बैंक के खाता संख्या 61232596424 (IFSC : SBIN0031269) में बैंक या RTGS/NEFT द्वारा जमा कराने की रसीद प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म मय शर्ते प्रपत्र दिया जावेगा।
21. निविदा प्रपत्र के साथ निम्न दस्तावेज सलग्न करे :–
    1. धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र राशि की भुगतान स्लिप।
    2. पूर्ण भरा हुआ निविदा प्रपत्र।
    3. स्व–हस्ताक्षरित निविदा की शर्ते।
    4. स्व–हस्ताक्षरित पेन कार्ड की छायाप्रति।
    5. स्व–हस्ताक्षरित आधार कार्ड की छायाप्रति।

उपरोक्त में से किसी भी दस्तावेज की कमी होने पर आपकी निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी, जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

दिनांक :

स्थान :

हस्ताक्षर
प्रभारी अधिकारी

(हस्ताक्षर निविदादाता)

निविदादाता का नाम : ....

पता : ....

मोबाइल नं. : ....